आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 01.10.2024   समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री-जमैका वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में जमैका के प्रधानमंत्री डॉक्टर एन्ड्र्यू हॉलनैस के साथ चर्चा की । डॉ. हॉलनैस की यह पहली भारत यात्रा है। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों के बीच अनेक समझौता ज्ञापनों और समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। जमैका के प्रधानमंत्री का राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से भी मिलने का कार्यक्रम है। चार दिन की यात्रा के दौरान वह व्यापार और उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ भी बातचीत करेंगे। उनका कल वाराणसी जाने का कार्यक्रम है।

रिजर्व बैंक ऋण

भारतीय रिजर्व बैंक ने ऋण से संबंधित मासिक डेटा जारी किया है। जारी आंकडों में अगस्त महीने में कृषि और सहयोगी गतिविधियों के ऋण में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इस दौरान उद्योग ऋण में भी लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्रमुख उद्योगों में रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोलियम और बुनियादी ढांचा ऋण में बढोतरी रही।

सरकार के सौ दिन

नरेंद्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में शहरों के बुनियादी ढांचे और आवास के क्षेत्र में सुधार के लिए कई बड़े फैसले किए हैं। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को

मंजूरी दे दी है। इसमें दो लाख, 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में देश के 21 शहरों में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

दुनियाभर में आज अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी नागरिकों से अपने बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लेने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि वृद्धजन, परिवार और हमारे जीवन के सशक्त आधार हैं। बुजुर्गों की सेवा करें, इनका सम्मान करें; यही हमारी भारतीय संस्कृति भी है और परंपरा भी।

आज बड़वानी जिले में वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बड़वानी कलेक्टर राहुल हरिदास फटिंग ने बताया कि इस अवसर पर वृद्धजनों का नजदीकी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया ।

नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।सतना में जन सुनवाई में आने वाले सभी वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इसके बाद उनकी समस्यायें सुनी गई।

अभिनेता-गोविंदा घायल

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा आज सुबह मुंबई में अपने आवास पर रिवॉल्वर की गोली से घायल हो गए। गोविंदा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उनके पैर से गोली निकाल दी है और अब वे खतरे से बाहर है।

समाचार संक्षेप में...

1. शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल दूरसंचार वाहिनी का 47 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

2. नर्मदापुरम में महिला बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चल रहे पोषण माह का समापन कार्यक्रम कुसुम मालपानी हायर सेकेंडरी स्कूल न्यास कॉलोनी में किया गया।

3. आगरमालवा पॉलीटेक्निक संस्था में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन हुआ.

4. कटनी में स्कूलों के आस-पास नशा करनें वाले व्यक्तियों की सघन जांच होगी और 100 फीट की दूरी के भीतर नशीले पदार्थों की ब्रिकी पर रोक रहेगी.

नमस्कार